उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 05.09.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 06.09.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 05.09.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं को किया गया जागरूक...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में *महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा* के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आज दिनांक- 06.09.2025 को विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

थाना श्रीनगर की मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा *भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज कस्बा श्रीनगर* में पहुँचकर जागरूकता पाठशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उन्हें उनके अधिकारों से संबंधित प्रमुख कानूनी प्रावधानों, *गुड टच-बैड टच*, *साइबर अपराध* से बचाव एवं विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

इसी क्रम में जनपद के अन्य थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया और शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं महिला सुरक्षा से जुड़ी सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही पम्पलेट वितरित कर हेल्पलाइन नम्बरों का प्रचार-प्रसार किया गया।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर:-

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा, **1076 –** मा० मुख्यमंत्री हेल्प लाइन
1090 – विमेन पावर हेल्पलाइन, **1930 –** साइबर अपराध हेल्पलाइन **102 –** स्वास्थ्य सेवा,
108 – एम्बुलेंस सेवा **1098 –** चाइल्ड हेल्पलाइन, **181 –** महिला हेल्पलाइन

इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं, बालिकाओं एवं विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और हर परिस्थिति में उन्हें त्वरित सहायता उपलब्ध कराना है।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 05.09.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

थाना अजनर की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में प्रचलित त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक- 06.09.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीममती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना अजनर प्रभारी निरीक्षक सत्यपाल सिंह द्वारा गठित की गयी टीम के उ0नि0 दिनेश सिंह चन्देल द्वारा मुखिबर की सूचना पर बिजली पावर हाउस गेट के सामने ग्राम धवर्रा थाना अजनर जनपद महोबा से एक नफर अभियुक्त धर्मेन्द्र राजपूत पुत्र गोविन्ददास राजपूत उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम धवर्रा थाना अजनर जनपद महोबा के कब्जे से एक अदद तमंचा देशी 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद करते हुये नियमानुसार गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर पंजीकृत 203/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त-

धर्मेन्द्र राजपूत पुत्र गोविन्ददास राजपूत उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम धवर्रा थाना अजनर जनपद महोबा

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 दिनेश सिंह चन्देल थाना अजनर जनपद महोबा ।
2. का0 आशीष कुमार सरोज थाना अजनर जनपद महोबा ।
3. का0 उमेशचन्द्र थाना अजनर जनपद महोबा ।

बरामदगी-

एक अदद तमंचा देशी 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 05.09.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा